# मिशन शिक्षण संवाद

# 7 महाद्वीप




## काव्य मंजरी

## शैक्षिक कविताओं का संकलन

संकलन

काव्यांजलि टीम

मिशन शिक्षण संवाद

# मिशन शिक्षण संवाद

01

# 7 महाद्वीप - एशिया

धरती का सबसे बड़ा महाद्वीप है एशिया,
सबसे ज्यादा आबादी वाला महाद्वीप है एशिया।
धरती पर सबसे पहले सूर्य उगता है एशिया में,
पूरा विश्व रोशन होता बाद में एशिया से।



सबसे बड़े एशिया में देश हैं 50,
दुनिया की आबादी समेटे प्रतिशत में 60।
दुनिया की छत कहलाती तिब्बत का पठार यहां,
गंगा, जमुना, सतलज और एवरेस्ट की चोटी यहां।।

यहाँ की जमीन है बड़ी उपजाऊ ,
सो यहां हर वक्त रहती है हरियाली छाई।
एक और है अच्छी बात पाई है यहां,
दुनिया के सबसे ताजे पानी की झील है बहती यहां।।



रचना-रीनू (स. अ.)
प्रा.वि. अबूपुर नंबर -2
मुरादनगर , गाजियाबाद

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।

# मिशन शिक्षण संवाद

**02**

## 7 महाद्वीप - अफ्रीका

अफ्रीका को कहते हैं ऊँचे पठारों का काल द्वीप,
एशिया के बाद है यह सबसे बड़ा महाद्वीप।
इसके चारों ओर की जानकारी दें हम झटपट,
उत्तर में है इसके फैले मोड़ दार पर्वत।।



मध्य में है यह कहलाता निम्न पठार,
पूर्व एवं दक्षिण में भी फैले उच्च पठार।
अब इसके बारे में सुन लो सब मेरे सहपाठी,
पूर्वी अफ्रीका में है इसके महान दरार घाटी।।

अफ्रीका के बारे में यह भी तुम लो जान,
इस महाद्वीप के चारों ओर हैं समुद्र तटीय मैदान।
नील,नाइजर ,ऑरेंज ,कांगो हैं इसकी नदियाँ,
जल प्रवाह व दुरत वाह बनाएं ।।




रचना- रेनू शर्मा (स. अ.)
प्रा .वि. इलाइचीपुर
लोनी , गाजियाबाद

मिशन शिक्षण संवाद

03

# 7 महाद्वीप - उ. अमेरिका

खोजकर्ता कोलम्बस उत्तरी अमेरिका का,
सबसे बड़ा महाद्वीप कहलाये विश्व का।
जनसंख्या की दृष्टि से चौथा स्थान विश्व में,
फैला 24,230,000 वर्ग किमी स्थित उत्तरी गोलार्ध में।।
चारों ओर से घिरा हुआ महासागरों से,
आर्कटिक, अटलांटिक और प्रशांत महासागर से।



इसमें आते 23 राष्ट्र
जिनमें है विशाल कनाडा,
मैक्सिको एवं युनाइटेड स्टेट्स
है विश्व का ।
सबसे बड़ा द्वीप ग्रीनलैण्ड
नाम है जिसका,
बड़ी नदी मिसीसिपी,
मिसोरी बढ़ाती सम्मान इसका।।

रचनाकार- ज्योत्सना राज
प्रा. वि. नौर सुपर
लोनी ,गाजियाबाद



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

# मिशन शिक्षण संवाद

04

## 7 महाद्वीप - द. अमेरिका

आओ बच्चों तुम्हें सुनाएं एक महाद्वीप की कहानी,
दक्षिण अमेरिका पश्चिमी गोलार्द्ध में स्थित सुनलो मेरी जुबानी।
उत्तर में जिसके पनामा नहर तथा कैरीबियन सागर,
पूर्व व उत्तर-पूर्व में जिसके स्थित अंधमहासागर ।।

पश्चिम में प्रशांत,दक्षिण में अन्टार्कटिक महासागर है इसके,
भूमध्य रेखा उत्तरी भाग से, मध्य से मकर गुजरे।
जिसके कारण उष्ण कटिबंधीय जल-वायु पाए,
चौथा बड़ा महाद्वीप यह विश्व का कहलाए।।

छः गुना बड़ा है लगभग भारत से आकार इसका,
बारह देश हैं स्थित इसमें पर्वतमाला एंडीज जिसका।
सबसे ऊँची झील टीटीकाका ज्वालामुखी पर्वत कोटोपैक्सी,
अमेजन ,ओरीनिको,रियोप्लाटा हैं मुख्य नदियाँ इसकी ।।



ब्राज़ील ,अर्जेंटीना ,चिली
उरुग्वे आदि देश हैं इसमें ,
प्राकृतिक सम्पदा में धनी गर्म
एवं नम जल –वायु जिसमें।



रचना-लता शर्मा
प्रा .वि .इलाइचीपुर ,
लोनी ,गाज़ियाबाद

# मिशन शिक्षण संवाद

**05**

## 7 महाद्वीप - अंटार्कटिका

धरती के दक्षिणतम छोर पर टिका
एक अद्भुत महाद्वीप अंटार्कटिका,
एशिया,अफ्रीका,उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका,
फिर  पाँचवा स्थान आता इसका।




हजारों लोग जाते रहते हैं वहाँ अस्थाई,
पर न मिलता वहां जनजीवन स्थाई।
बर्फ ही बर्फ है चहुँ ओर ,
मानव जीवन का नहीं दिखे कोई छोर,

पेंगुइन, सील, पोलर बीयर की यहां भरमार,
12 मई 1997 को बनाया भारत में एनसीआर ।
अनुसंधान में भी पीछे नहीं तेरे लाल माँ भारती,
अंटार्कटिका में भी बनाया अनुसंधान बेस भारती।



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान।

रेनू चौधरी स. अ.
कंपोजिट वि.अदालतनगर
मुरादनगर , गाजियाबाद

# मिशन शिक्षण संवाद

06

## 7 महाद्वीप - यूरोप



समुद्र तट है सबसे लंबा,
राइन नदी है हीरे का खम्बा।
पेरिस नगरी है सुंदरी,
सूरा सुंदरी फैशन वाला।
इसकी निराली पहचान है।।

नार्वे में ये उदित हो रहा,
मध्य रात्रि का सूर्य है।
पीसा की मीनार ये है,
विश्व की अनोखी देन ये है।
स्विट्ज़रलैंड बना खेल का मैदान है,
लन्दन को पेरिस से जोड़े सबसे।
लम्बा रेलमार्ग इसकी शान है।।

पश्चिमी संस्कृति का जन्मदाता,
उपनिवेशों का भाग्यविधाता।
विश्वयुद्ध को लड़ने वाला,
महाकवि दांते जिसने पाला,
ब्रिटेन फ्रांस जर्मनी इटली।
इसी धर्म जिसकी शान है।।

यूक्रेन यहां की रोटी की डलिया,
फ्रांस किसानों का देश है।
सबसे बड़ा क्षेत्रीय संगठन,
यूरो मुद्रा,बेल्जियम राजधानी।
एकता इसकी पहचान है,
ब्रिटेन फ्रांस जर्मनी इटली।
इनकी अनोखी शान है।।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



*नीतू शर्मा (स०अ०)*
*प्राथमिक विद्यालय सेंधली 2*
*ब्लॉक - मुरादनगर*
*जनपद - गाजियाबाद*

# मिशन शिक्षण संवाद


07

## 7 महाद्वीप - आस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया है सुनो , अजब-गजब महाद्वीप,
सबसे छोटा महाद्वीप , सबसे बड़ा है द्वीप।
1606 में ढूंढा गया , द्वारा विलेम जान्सजून ,
1770 में आया यहां , कप्तान जेम्स कुक।।

राजधानी कैनबरा , बसा दक्षिणी गोलार्द्ध ,
पश्चिम में है हिंद महासागर , प्रशांत है पूर्वार्द्ध
10 केंद्र शासित प्रदेश हैं , 3 आंतरिक 7 बाह्य,
6 राज्य ऑस्ट्रेलिया में , देखो तुम अब आय।।

न्यू साउथ वेल्स , क्वींसलैंड, विक्टोरिया ,
तस्मानिया ,दक्षिणी और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया।
राष्ट्रभाषा है अंग्रेजी , मुद्रा ऑस्ट्रेलियन डॉलर ,
सबसे बड़ा शहर है सिडनी, विश्वयुद्ध का फाइटर।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



**गीता शाक्य (प्र० अ०)**
**प्राथमिक विद्यालय इलायचीपुर**
**लोनी गाजियाबाद**

# रचनाकारों की सूची

1-रीनू जी, गाजियाबाद
2- रेनू शर्मा , गाजियाबाद
3-ज्योत्सना राज, गाजियाबाद
4- लता शर्मा, गाजियाबाद
5- रेनू चौधरी, गाजियाबाद
6- नीतू शर्मा, गाजियाबाद
7- गीता शाक्य, गाजियाबाद

मिशन शिक्षण संवाद

टेक्निकल टीम
राज कुमार शर्मा,चित्रकूट
प्रांजल सक्सेना, बरेली
मन्जू शर्मा, हाथरस
अर्चना अरोड़ा, फतेहपुर
आकांक्षा मिश्रा, हरदोई
प्रतिमा उमराव, फतेहपुर
शहनाज बानो, चित्रकूट

संकलन सहयोग
नीरव शर्मा
गाजियाबाद

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।

मिशन शिक्षण संवाद